आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 10.05.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. टी.वी.के प्रमुख सी जोसेफ विजय आज तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।
2. पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुभेंदु अधिकारी ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कल अहम् बैठक की। मुख्यमंत्री ने सोमवार को नवन्ना में प्रशासनिक काम की समीक्षा के लिए उच्चस्तीर बैठक बुलाई है।
3. उत्तर एवं मध्य अंडमान जिला परिषद में नेतृत्व चयन प्रक्रिया तेज़ हुई। तेरह मई को होगा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव।
4. अंडमान निकोबार द्वीप समूह में मौसम बिगड़ने के संकेत। मौसम विभाग ने तेज़ हवाओं और भारी बारिश की आशंका व्यक्त की।

<><><><><><><>

तमिलनाडु में, तमिलग् वेत्री कड़गम–टी.वी.के. प्रमुख सी. जोसेफ विजय ने कल लोकभवन में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर से मुलाकात की और 120 विधायकों के समर्थन के साथ सरकार बनाने का दावा पेश किया। टी वी के प्रमुख विजय आज सवेरे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में टीवीके 108 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है।

<><><><><><><>

पश्चिम बंगाल में कल भारतीय जनता पार्टी की पहली सरकार बनते ही मुख्यमंत्री सुभेंदु अधिकारी प्रशासनिक काम में जुट गए हैं। शपथ ग्रहण समारोह के बाद वो जोरा साको ठाकुरबारी गए और गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद मैदान में पी डब्ल्यू डी के टेंट में राज्य पुलिस और प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की। शाम को भवानीपुर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के निवास पर जाकर मुख्यमंत्री ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री सुभेंदु अधिकारी ने कल नवन्ना में प्रशासनिक काम की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक बुलाई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कर्नाटक और तेलंगाना के दौरे पर रहेंगे। वे बेंगलुरू में आर्ट ऑफ लिविंग की पैंतालीसवीं वर्षगांठ और इसके संस्थापक गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के 70वें जन्मदिन समारोह में

शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी, आर्ट ऑफ लिविंग परिसर में नए ध्यान मंदिर और ध्यान कक्ष का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री आर्ट ऑफ लिविंग कार्यक्रम के लिए रवाना होने से पहले सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री हैदराबाद में लगभग नौ हजार चार सौ करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री वारंगल में पीएम मित्र पार्क का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैदराबाद में अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल का लोकर्पण और सिकंदराबाद के परेड ग्राउंड में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित भी करेंगे।

<><><><><><>

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कल आगामी स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर अभियान की तैयारियों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इसके साथ ही उन्होंने आगामी भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव की तैयारियों का भी अलग से आकलन किया। बैठक में 2026 के तटीय स्वच्छता अभियान के रोडमैप की समीक्षा की गई, जिसे इस वर्ष 12 से 19 सितंबर तक एक सप्ताह तक देशव्यापी स्तर पर आयोजित किया जाएगा और इसका समापन अंतर्राष्ट्रीय तटीय स्वच्छता दिवस पर होगा। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि यह अभियान भारत के ग्यारह हजार अट्ठानबे किलोमीटर लंबे तटीय क्षेत्र में केंद्रीय एवं राज्य मंत्रालयों, शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों, जिला प्रशासन, युवा संगठनों तथा स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी से संचालित किया जाएगा।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला परिषद के सभी निर्वाचित सदस्यों की बैठक 13 मई, बुधवार को दोपहर 12 बजे उपायुक्त कार्यालय, मध्योत्तर अंडमान के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में 14 मई से प्रारंभ होने वाले जिला परिषद के पांचवें वर्ष के कार्यकाल के लिए अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया जाएगा। जिला परिषद में प्रथम एवं तृतीय वर्ष के लिए अध्यक्ष का पद महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगा, जबकि पांचवें वर्ष के लिए यह पद अनुसूचित जनजाति वर्ग के के लिए आरक्षित किया गया है।

<><><><><><>

अनिम्स के सामुदायिक चिकित्सा विभाग एवं मनोरोग विभाग द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण–2 के गुणात्मक सर्वेक्षण चरण की शुरुआत की गई है। यह अध्ययन अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पहली बार इस स्तर पर किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य क्षय रोग के मरीजों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक तनाव, सामाजिक कठिनाइयों तथा उपचार यात्रा के दौरान एवं बाद की स्थितियों को

समझना है। यह सर्वे टीबी मरीजों द्वारा झेली जाने वाली सामाजिक बाधाओं, उपचार संबंधी कठिनाइयों का भी अध्ययन करेगा। इसके निष्कर्षों से क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा एकीकृत स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने में मदद मिलने की उम्मीद है। अध्ययन के तहत तीन श्रेणियों के टीबी मरीजों से गहन साक्षात्कार के माध्यम से आंकड़े एकत्रित किए जा रहे हैं। प्रत्येक प्रतिभागी के अनुभव को महत्वपूर्ण मानते हुए उन्हें उच्च प्रोटीन युक्त पोषण भी प्रदान किया जा रहा है। यह पहल भारत के राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन मिशन और टीबी मुक्त भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाती है।

<><><><><><><>

उच्च मूल्य कृषि विकास एजेंसी द्वारा कृषि विभाग के सहयोग से आत्मनिर्भर भारत एवं खाद्य सुरक्षा पहल के अंतर्गत एकीकृत बागवानी विकास मिशन लागू किया जा रहा है। इसके तहत बागवानी क्षेत्र में मशीनीकरण को बढ़ावा देकर उत्पादकता बढ़ाने, श्रम पर निर्भरता कम करने तथा कृषि कार्यों की दक्षता में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है। बागवानी क्षेत्र कृषि एवं अर्थव्यवस्था की प्रगति में एक संभावनाशील क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। किसान राष्ट्रीय बागवानी मिशन, जो कि एम आई डी एच की उप–योजना है, तथा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत कृषि मशीनीकरण उप–मिशन के माध्यम से सतत आजीविका के लिए सब्सिडी का लाभ उठा सकते हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत संचालित कृषि मशीनीकरण उप–मिशन का उद्देश्य विशेष रूप से छोटे एवं सीमांत किसानों तक कृषि मशीनीकरण का विस्तार करना है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां कृषि उपकरणों और कृषि शक्ति की उपलब्धता कम है। एम आई डी एच के राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत बागवानी मशीनीकरण घटक में किसानों को निर्धारित मानकों के अनुसार सब्सिडी प्रदान की जाती है।

<><><><><><><>

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया है कि क्षेत्र में सामान्यत बादल छाए रहने की संभावना है। इसके साथ ही गरज एवं तेज हवाओं के साथ मध्यम से भारी वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी है।

<><><><><><><>

जिला कारागार प्रातरापुर में कल 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मादक पदार्थों की मांग में कमी हेतु राष्ट्रीय कार्ययोजना द्वारा आई आर सी ए, कारागार विभाग तथा यू डी आई डी योजना के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा पुनर्वास, सुधार और समाज में पुनर्स्थापन के महत्व को समझाना था। नोडल अधिकारी एवं जिला कारागार के जेलर ने बंदियों को सकारात्मक एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

<><><><><><><>